मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-273
02/09/2024

# मुख्यमंत्री ने रोहतास जिले में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास एवं कार्यारंभ

पटना, 02 सितम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज रोहतास जिले के डिहरी ऑन सोन स्थित एनीकट में जल–जीवन–हरियाली अभियान अंतर्गत औरंगाबाद, डिहरी एवं सासाराम शहरों के लिए पेयजल आपूर्ति योजना के शिलापट्ट का अनावरण कर कार्यारंभ किया। जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद ने नक्शा के माध्यम से मुख्यमंत्री को औरंगाबाद, डिहरी एवं सासाराम में पेयजल आपूर्ति योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजना–2 के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डिहरी ऑन सोन में 307.73 लाख रुपये की लागत तथा 272.07 लाख रुपये की लागत से सासाराम में टेक लैब एवं वर्कशॉप के नवनिर्मित भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने टेक लैब एवं वर्कशॉप के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने लेजर कटर, इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्शन, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग लैब, रोबोटिक, पेंट बूथ, एडवांस पलंबिग, इंटरनेट ऑफ थिंग लैब, प्रोडक्ट वेरिफिकेशन, एनालिसिस लैब आदि का मुआयना किया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत मुफ्फसिल थाना डिहरी में थाना भवन एवं आउट हाउस, क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला, विशेषीकृत इकाइयों के लिए संयुक्त भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों में मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजनान्तर्गत 1,962.82 लाख रुपये की लागत से कुल 6,400 सोलर लाइट योजनाओं, 104.77 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित कुल 13 आंगनबाड़ी केंद्रों एवं 2 जीविका ग्राम संगठन भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में 264 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 66 पुस्तकालयों, 169.18 लाख रुपये की लागत से 17 आंगनबाड़ी केंद्रों, 465 लाख रुपये की लागत से 372 आंगनबाड़ी केंद्रों का जीर्णोद्धार कार्य, 221.76 लाख रुपये की लागत से बुनियादी मध्य विद्यालय बस्तीपुर, भैंसहा, डिहरी का निर्माण कार्य एवं जिले के विभिन्न पंचायतों में 310.32 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 21 ग्राम पंचायत खेल का मैदान तथा खेल सुविधाओं से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी काम समय पर ठीक ढंग से पूर्ण हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें।

मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत भैसहा, बस्तीपुर में पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने पुस्तकालय एवं पंचायत स्तरीय लोक सेवा केंद्र भैंसहा का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तरीय लोक सेवा केन्द्र के संचालित होने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, जिला उद्योग केंद्र, जिला परिवहन कार्यालय आदि विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन

किया। प्रदर्शनी अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने बिहार महादलित विकास मिशन योजना अंतर्गत सामुदायिक भवन सह वर्क शेड की चाभी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग अंतर्गत (बिहार महादलित विकास मिशन) नवनियुक्त विकास मित्रों को नियोजन पत्र, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना अंतर्गत नवनिर्मित आवासों की चाभी, कुशल युवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित लाभुकों को प्रमाण पत्र एवं मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत चयनित लाभुकों को चाभी प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 1,035 लाभार्थियों को 2 करोड़ 49 लाख 18 हजार 400 रुपये का चेक एवं 1,864 जीविका स्वयं सहायता समूहों को 74 करोड़ 17 लाख रुपये का चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, श्रम संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह, भवन निर्माण मंत्री सह रोहतास जिले के प्रभारी मंत्री श्री जयंत राज, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, विधायक श्री मुरारी प्रसाद गौतम, पूर्व सांसद श्री महाबली प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक श्री वशिष्ठ सिंह, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, रोहतास के जिलाधिकारी श्री नवीन कुमार, रोहतास के पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

*******